कार्यालय :–　　　　　　　प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बुलन्दशहर

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं0 1928/S.F.C.M. Cell/Lucknow, दिनांकित 28.02.2026 एवं शासनादेश सं0 102/VII/Nyay-2-2015-728/86 दिनांकित 18.06.2015 में दिये गऐ दिशा निर्देशों के अनुपालन में परिवार न्यायालयों बुलन्दशहर में तीन रिक्त पदों पर परामर्शदातागण की नियुक्ति किए जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किए जाने हैं, जिसके लिये इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं । उक्त पद हेतु अर्हता निम्नवत है :–

1. अर्ह व्यक्ति समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो, जो व्यक्ति सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउसलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो, उसे वरीयता दी जाएगी ।
2. विज्ञापन के समय परामर्शदाता (काउंसलर) की आयु 35 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए
3. परामर्श दाता का कार्यकाल प्रारम्भ में तीन वर्ष का होगा । माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर तीन वर्ष के लिए उनके नाम पर पुनर्विचार किया जा सकता है ।
4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नही मानी जाएगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्व रहेगें ।
5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपये 1,000/–प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये 24,000/– प्रतिमाह, जो भी कम हो, मानदेय/फीस के रूप में देय होगा ।

आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय बुलन्दशहर की अधिकारिक वेबसाईट https://bulandshahar.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता हैं । पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित छाया प्रति सहित **दिनांक 30–03–2026 की सांय 04:00 बजे तक** कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बुलन्दशहर में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित किये जा सकते हैं ।

दिनांक–18.03.2026

18.3.2026

(मित्रपाल सिंह)
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
बुलन्दशहर

प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय
बुलन्दशहर

प्रतिलिपि :–

1. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें तथा सिविल बार एसोसियेशन, डिस्ट्रिक बार एसोसियेशन, बुलन्दशहर एवं बार एसोसियेशन, बाहय न्यायालय, खुरजा एवं अनूपशहर के नोटिस बोर्डो पर चस्पा कराने हेतू विज्ञप्ति प्रेषित करें ।

2. जिला सूचना अधिकारी, बुलन्दशहर को विज्ञप्ति के निःशुल्क प्रकाशन हेतू एवं प्रकाशन उपरान्त सम्बन्धित समाचार पत्रों की प्रतिलिपियां अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतू

3. सिस्टम आफिसर, कम्पयूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर को इस आशय से प्रेषित हो कि वह उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय बुलन्दशहर एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
बुलन्दशहर

परिवार न्यायालय, बुलन्दशहर में परामर्शदाता पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम आवेदक (हिन्दी में)..

2. नाम आवेदक (अंग्रेजी के बड़े अक्षरो में).. आवेदक का नवीनतम रंगीन स्वःप्रमाणित फोटो

3. पिता/पति का नाम...

4. जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)..

5. आवेदक का पूर्ण स्थायी पता (पिन कोड सहित)..
....

6. आवेदक का पूर्ण वर्तमान पता (पिन कोड सहित)...
....

7. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर..
मोबाइल नम्बर सहित

8. क्या आवेदक के विरूद्व कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित है..................................
अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है, यदि हां तो विवरण दें

9. अनुभव यदि कोई हो तो..

10. वर्तमान कार्य क्षेत्र...

11. शैक्षिक योग्यता :– (अंक तालिकाओं एवं प्रमाणपत्रों की स्वः प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें).

क0सं0	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्व विधालय का नाम	प्राप्तांक/ पूर्णांक	प्रतिशत

नोट :– 1. समाज सेवा का अनुभव–यदि कोई हो (संगतं प्रमाणपत्र की स्वः प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें).
2. पारिवारिक कांउसलिग का अनुभव– यदि कोई हो (संगतं प्रमाणपत्र की स्वः प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें).

घोषणा पत्र

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि उपर्युक्त विवरण/सूचनाएं सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई तथ्य नही छिपाया गया है । यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए । यदि नियुक्ति हो जाने के उपरांत ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी नियुक्ति समाप्त कर दी जाये ।

दिनांक –
संलग्नको की संख्या–
स्थान–

अभ्यर्थी का स्पष्ट नाम व पूर्ण हस्ताक्षर
तिथि सहित